# 1 फूल हमेशा मुस्काता

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) यह कविता सोहनलाल द्विवेदी की रचना है।

(ख) कविता का शीर्षक है 'फूल हमेशा मुस्काता'।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) फूल हमेशा मुस्काता रहता है।

(ख) फूल पत्तों की गोदी में रहता है।

(ग) फूल मुस्काने के गुण के कारण सबको अच्छा लगता है।
इस कविता में यह संदेश दिया गया है कि फूल की तरह हमें भी किसी भी परेशानी का सामना हँसते हुए दृढ़ता के साथ करना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

(क) फूल हमेशा क्या करता रहता है?
मुस्काता रहता है ☑ रोता रहता है ☐ उदास रहता है ☐

(ख) फूल किसकी नोकों को सहता है?
सुइयों की ☐ काँटों की ☑ पत्तियों की ☐

(ग) फूल नीचे गिरकर किसमें मिलता है?
पानी में ☐ कीचड़ में ☐ धूल में ☑

(घ) फूल को क्या नहीं आता है?
हँसना ☐ रोना ☑ सोना ☐

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

(क) चाहे बहे हवा **मत**वाली,
**फूल हमेशा** मुस्काता।

(ख) **पत्तों की** गोदी में रहकर,
फूल हमेशा **मुस्काता**।

(ग) ऊपर रह **डाली पर खिलकर**,
**फूल हमेशा** मुस्काता।

**5. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्तियों से आशय यह है कि जिस प्रकार फूल, काँटों की नोकों की चुभन सहकर भी मुस्काता है उसी प्रकार मनुष्य को भी विपदा या विपत्ति आने पर उसका सामना हँसते हुए करना चाहिए।

(ख) प्रस्तुत पंक्तियों से आशय है कि फूल कैसी भी परेशानी में हो पर वह रोने की बजाय हमेशा मुस्काता रहता है उसी प्रकार मनुष्य को भी धैर्य रखना चाहिए क्योंकि रोने से समस्या का समाधान नहीं होता।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. नीचे दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

(क) हमारे लिए सुबह टहलना लाभदायक है। **हमारे**
(ख) हमें ठीक समय पर सोना और जागना चाहिए। **हमें**
(ग) तुम्हें समय का पालन करना चाहिए। **तुम्हें**
(घ) वे सदा समय से आते और जाते हैं **वे**

**2. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

(क) हवा – **वायु पवन** (ख) फूल – **पुष्प कुसुम**
(ग) पत्ता – **पर्ण पत्रक** (घ) काँटा – **शूल कंटक**

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) बहना × **रुकना** (ख) हमेशा × **कभी नहीं**
(ग) खिलना × **मुरझाना** (घ) रोना × **हँसना**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 2 दानवीर बलि

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) दानवीर राजा का नाम बलि था।
(ख) बलि इंद्रलोक का राजा बनने की सोच रहे थे।
(ग) भगवान विष्णु ने वामन का अवतार धारण किया।
(घ) जब भगवान विष्णु ने राजा से यह कहा कि मैं आपकी नगरी में तभी प्रवेश करूँगा, जब मेरे पास आपकी नगरी में कम से कम तीन पग भूमि हो। यह शर्त सुनकर राजा बलि को हँसी आ गई।

2. **सोचकर लिखिए—**

(क) बलि राजा का राज्य सुखी और समृद्ध था।

(ख) भगवान विष्णु के दिमाग में यह आशंका उत्पन्न हुई कि कहीं राजा बलि घमंड में आकर राजा इंद्र का राज्य न छीन लें।

(ग) भगवान विष्णु ने राजा से कहा कि मैं आपकी नगरी में तभी प्रवेश करूँगा, जब मेरे पास आपकी नगरी में कम से कम तीन पग भूमि हो। इस शर्त पर भगवान विष्णु ने नगरी में प्रवेश के लिए कहा।

(घ) वामन का विराट रूप देखकर और जब वामन ने दो ही कदम में पृथ्वी को नाप लिया और राजा से पूछा कि तीसरा कदम कहाँ रखूँ। यह देखकर राजा बलि घबरा गए कि ये कोई साधारण व्यक्ति नहीं है और वामन के सामने अपना सिर झुका दिया।

3. **सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) बलि किस राज्य के राजा थे?

मद्रास ☐ महाराष्ट्र ☐ केरल ☑

(ख) इंद्रलोक का राजा कौन है?

इंद्र ☑ विष्णु ☐ शिव ☐

(ग) भगवान विष्णु ने अपने शरीर को बना लिया?

वामन इंच के बराबर ☐ वामन अंगुल के बराबर ☑ वामन फुट के बराबर ☐

(घ) वामन ने राजा से कितने पग भूमि माँगी थी?

एक पग ☐ दो पग ☐ तीन पग ☑

(ङ) भगवान ने प्रसन्न होकर राजा बलि को कहाँ का राजा बना दिया?

पाताल लोक ☑ स्वर्ग लोक ☐ इंद्र लोक ☐

4. **रिक्त स्थान भरिए—**

(क) बलि के राज्य में सुख और **समृद्धि** फैली हुई थी।

(ख) राजा बलि ने एक विशाल **यज्ञ** करने का निश्चय किया।

(ग) राजा बलि का वचन पाकर वामन ने **विराट** रूप धारण कर लिया।

(घ) वामन का विराट रूप देखकर **राजा बलि** घबरा गए।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

1. **'पैर-सैर' मिलते-जुलते शब्द हैं। अब आप नीचे दिए गए शब्दों को मिलती-जुलती ध्वनि वाले शब्दों से मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) सुख | (i) पास |
| (ख) सावन | (ii) गगरी |
| (ग) नगरी | (iii) बीन |
| (घ) आस | (iv) रग |
| (ङ) तीन | (v) फिर |
| (च) पग | (vi) दुःख |
| (छ) सिर | (vii) पान |
| (ज) दान | (viii) पावन |

1. **निम्नलिखित शब्दों के अंत में 'ई' जोड़कर नया शब्द बनाइए–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | जाता | – | **जाती** | (ख) | बुलाता | – | **बुलाती** |
| (ग) | भाता | – | **भाती** | (घ) | रखता | – | **रखती** |
| (ङ) | सिखलाता | – | **सिखलाती** | (च) | पहुँचा | – | **पहुँची** |

2. **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पृथ्वी | – | **भूमि** | **धरा** | (ख) | राजा | – | **नृप** | **भूपति** |
| (ग) | यश | – | **ख्याति** | **प्रसिद्धि** | (घ) | भगवान | – | **ईश्वर** | **परमेश्वर** |
| (ङ) | मनुष्य | – | **आदमी** | **नर** | (च) | स्वामी | – | **वल्लभ** | **प्राणाधार** |

3. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | संपन्नता | × | **विपन्नता** | (ख) | समीप | × | **दूर** |
| (ग) | राजा | × | **रंक** | (घ) | साधारण | × | **असाधारण** |
| (ङ) | विराट | × | **सूक्ष्म** | (च) | पाताल | × | **आकाश** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 3 कहानी शहद की

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**
   (क) शहद मधुमक्खियों के छत्ते से मिलता है।
   (ख) सुमित गरमियों की छुट्टियों में गाँव गया था।

2. **सोचकर लिखिए–**
   (क) दादी ने सुबह नाश्ते में पराँठा और शहद खाने को दिया।
   (ख) सुमित ने दादी से पूछा, ''दादी जी! यह जैम तो नहीं है, क्या है यह?''

(ग) सुमित ने दादा जी से मधुमक्खियों का छत्ता दिखाने की जिद की।

(घ) मधुमक्खियाँ फूलों से रस लाकर उससे शहद बनाती हैं।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

(क) सुमित गाँव किनसे मिलने गया था?

नाना-नानी से [ ] दादा-दादी से [✓] चाचा-चाची से [ ]

(ख) दादा जी सुमित को कहाँ लेकर गये?

बाग में [✓] खेत में [ ] आँगन में [ ]

(ग) मधुमक्खियाँ रस कहाँ से लाती है?

फूलों से [✓] पत्तियों से [ ] फलों से [ ]

(घ) छत्ते में कितने कोनों वाले कोठे होते है?

तीन कोनों वाले [ ] चार कोनों वाले [ ] छह कोनों वाले [✓]

**4. रिक्त स्थान भरिए–**

(क) सुमित को **शहद** बहुत स्वादिष्ट लगा।

(ख) शहद **मधुमक्खियों** के छत्ते से मिलता है।

(ग) शहद **फूलों** का मीठा रस होता है।

(घ) शहद हम सबके लिए बहुत **लाभदायक** है।

**5. किसने कहा?**

(क) ''शहद क्या होता है?'' **सुमित ने**

(ख) ''बेटा यह मधुमक्खियों के छत्ते से मिलता है।'' **दादी ने**

(ग) ''शहद फूलों का मीठा रस होता है।'' **दादाजी ने**



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे क्रिया कहते हैं।
जैसे- खाना, खेलना आदि।

**कोष्ठक में दी गई क्रिया के उचित रूप से वाक्य बनाइए–**

1. मक्खियाँ फूलों से शहद **लाती** हैं। (लाना)
2. मक्खियाँ कारीगरी से छत्ता **बनाती** हैं। (बना)
3. मक्खियाँ फूलों पर **मँडराती** हैं। (मँडराना)
4. मक्खियाँ शहद इकट्ठा **करती** हैं। (कर)
5. मक्खियाँ फूलों की खोज में चक्कर **लगाती** हैं। (लगा)

**1. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए–**

(क) छत्ता – **छत्ते** (ख) छुट्टी – **छुट्टियाँ**

(ग) मधुमक्खी – **मधुमक्खियाँ** (घ) गरमी – **गरमियाँ**

(ङ) पराँठा – **पराँठे** (च) रानी – **रानियाँ**

**2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) नाश्ता | – | **पुल्लिंग** | (ख) मधुमक्खी | – | **स्त्रीलिंग** |
| (ग) फूल | – | **पुल्लिंग** | (घ) कली | – | **स्त्रीलिंग** |
| (ङ) शहद | – | **पुल्लिंग** | (च) छत्ता | – | **पुल्लिंग** |

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) मीठा | × | **खट्टा** | (ख) सुबह | × | **शाम** |
| (ग) दादा | × | **दादी** | (घ) दिन | × | **रात** |
| (ङ) गाँव | × | **शहर** | (च) लाभदायक | × | **नुकसानदायक** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 4 चंदामामा

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) निशा और प्रिंस को गाँव का वातावरण अच्छा लगा।

(ख) निशा और प्रिंस को कहानियाँ सुनने में बहुत मजा आता था।

(ग) ऊपर आसमान में चाँद चमक रहा था।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) निशा और प्रिंस गरमी की छुट्टियों में अपनी नानी के घर रतनपुर गए।

(ख) निशा ने नानी से चंदा मामा की कहानी सुनाने को कहा।

(ग) चंद्रमा हमारी पृथ्वी से बहुत दूर होने के कारण हमें छोटा दिखता है।

(घ) क्योंकि चंद्रमा पर हवा और पानी नहीं है, इसलिए चंद्रमा पर जीवन नहीं है।

(ङ) चाँद की सतह पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति 'नील आर्मस्ट्रांग' था।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

(क) निशा और प्रिंस किन छुट्टियों में नानी के घर गए थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सरदी की | ☐ | गरमी की | ☑ | बरसात की | ☐ |

(ख) नानी के गाँव का क्या नाम था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रतनपुर | ☑ | भगतपुर | ☐ | लखनपुर | ☐ |

(ग) निशा ने ऊपर आकाश में क्या चमकता देखा?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तारा | ☐ | सूरज | ☐ | चाँद | ☑ |

(घ) चाँद पर क्या नहीं है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हवा | ☐ | पानी | ☐ | दोनों | ☑ |

**4. रिक्त स्थान भरिए–**

(क) निशा ने ऊपर **आकाश** में चमकता हुआ चाँद देखा।

(ख) चंद्रमा **आकार** में हमारी पृथ्वी से छोटा है।

(ग) धरती से लोग **अंतरिक्ष यान** में बैठकर चाँद पर पहुँच चुके हैं।

(घ) चाँद हमारी **पृथ्वी** के चारों ओर चक्कर लगाता है।

(ङ) चाँद को भी **सूरज** से प्रकाश मिलता है।

**5. सही शब्द पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आसमान | ☑ | आशमान | ☐ | असमान | ☐ |
| अमरिका | ☐ | अमेरिका | ☑ | अमेरीका | ☐ |
| चककर | ☐ | चक्कर | ☑ | चकर | ☐ |
| अध्यापिका | ☑ | अध्यापीका | ☐ | अधपिका | ☐ |
| अंतरीक्ष | ☐ | अंतरिक्ष | ☑ | अंतरिस | ☐ |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए–**

(क) छुट्टी – **छुट्टियाँ** (ख) कहानी – **कहानियाँ**

(ग) बच्चा – **बच्चे** (घ) चट्टान – **चट्टानें**

(ङ) गड्ढा – **गड्ढे** (च) अध्यापिका – **अध्यापिकाएँ**

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) गरमी × **सरदी** (ख) अच्छा × **बुरा**

(ग) सुबह × **शाम** (घ) ऊपर × **नीचे**

(ङ) छोटा × **बड़ा** (च) प्रकाश × **अंधकार**

**3. वर्णों के व्यवस्थित क्रम द्वारा सार्थक शब्द बनाइए–**

(क) नि क हा याँ – **कहानियाँ** (ख) ता क म च – **चमकता**

(ग) मा स आ न – **आसमान** (घ) ती ध र – **धरती**

(ङ) श का प्र – **प्रकाश** (च) र ज सू – **सूरज**

4. **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए—**

(क) छुट्टियाँ – **मैं गरमी की छुट्टियों में नानी के घर जाता हूँ।**

(ख) कहानियाँ – **मुझे नानी से कहानियाँ सुनना अच्छा लगता है।**

(ग) आकाश – **आज आकाश में घने बादल छाए हैं।**

(घ) सूरज – **सूरज पूरब दिशा से उगता है।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 5 बरखा रानी

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

(क) बरसात के आने पर ठंडी-ठंडी हवाएँ चलती हैं।

(ख) टर्र-टर्र की आवाज में मेढ़क गीत सुनाता है।

(ग) बरसात में नभ में घनघोर घटाएँ छा जाती हैं।

(घ) सारी दिशाएँ अंधकारमय हो जाती हैं।

2. **सोचकर लिखिए—**

(क) बरसात आने पर प्रकृति में कुछ बदलाव आते हैं जैसे—ठंडी-ठंडी हवाएँ चलने लगती हैं, आकाश में घनघोर घटाएँ छा जाती हैं तथा सभी दिशाएँ अंधकारमय हो जाती हैं।

(ख) बरसात के आने पर मोर अपने पंखों को फैलाकर नाचते हैं और कोयल, पपीहा आदि पक्षी शोर मचाते हैं।

(ग) बच्चे बरसात आने पर कागज की नाव बनाकर पानी में चलाते हैं और बारिश में भीगकर जमकर मस्ती करते हैं।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

(क) बरसात के मौसम में किस चीज की आवश्यकता अधिक होती है–

छाते की ☑ मोजे की ☐ मिठाई की ☐

(ख) बरसात के आने पर मोर क्या करता है?

गाता है ☐ नाचता है ☑ सोता है ☐

(ग) बच्चे बरसात के पानी में क्या बनाकर बहाते हैं?

नाव ☑ फूल ☐ चित्र ☐

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय यह है कि बरसात आने पर मनुष्य ही नहीं अपितु पशु-पक्षी भी आनंदित होते हैं। जबकि कोयल और पपीहा तो आनंदित होकर चहकने लगते हैं।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय यह है कि बरसात होने पर जब विद्यालय की छुट्टी हो जाती है तो बच्चे बारिश में भीगकर तथा पानी में कागज की नाव चलाकर पूरी मस्ती करते हैं।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

नभ में हैं **घनघोर घटाएँ**,
**अंधकारमय** सभी दिशाएँ,
ठंडी-ठंडी **चली हवाएँ**,
**बरखा रानी** आई हैं।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों का उचित प्रयोग करते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) बादल **गरजता** है।

(ख) बिजली **चमकती** है।

(ग) पानी **बरसता** है।

(घ) बच्चे **खेलते** है।

(ङ) इंद्रधनुष **निकलता** है।

**2. निम्नलिखित शब्दों में 'ई' की मात्रा लगाकर नए शब्द बनाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) चमक | + | ई | = | **चमकी** |
| (ख) ठंड | + | ई | = | **ठंडी** |
| (ग) मस्त | + | ई | = | **मस्ती** |
| (घ) बिजल | + | ई | = | **बिजली** |
| (ङ) छुटट् | + | ई | = | **छुट्टी** |

**3. निम्नलिखित शब्द समूह में से भिन्न शब्द पर गोला ◯ बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) घोड़ा, | खरगोश, | (चिड़िया,) | हाथी |
| (ख) बिजली, | मोर, | नाव, | (गरमी) |

(ग) पेंसिल, रबर, (हॉकी,) पुस्तक

(घ) कटोरी, चम्मच, (पेन,) थाली

(ङ) सरदी, गरमी, (हवा,) बरसात

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) आकाश | × | **पाताल** | (ख) मीठा | × | **खट्टा** |
| (ग) अँधेरा | × | **उजाला** | (घ) दिन | × | **रात** |
| (ङ) सरदी | × | **गरमी** | (च) रानी | × | **राजा** |

### मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

### रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

### परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

## 6 भारत के लाल

**अभ्यास (EXERCISE)**

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) लाल बहादुर का जन्म एक बहुत साधारण कायस्थ परिवार में हुआ था।

(ख) लाल बहादुर का पढ़ाई छोड़ने का मुख्य कारण गाँधी जी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदोलन में शामिल होना था।

(ग) लाल बहादुर सादा जीवन उच्च विचार वाले व्यक्ति थे।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) लाल बहादुर शास्त्री जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को मुगलसराय में हुआ था।

(ख) लाल बहादुर शास्त्री की माता का नाम रामदुलारी देवी तथा पिता का नाम शारदा प्रसाद श्रीवास्तव था।

(ग) लाल बहादुर शास्त्री की प्रारंभिक शिक्षा उनके नाना के घर पर हुई थी।

(घ) लाल बहादुर शास्त्री ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि ग्रहण की थी।

(ङ) सन् 1964 में लाल बहादुर शास्त्री हमारे देश के द्वितीय प्रधानमंत्री बने।

(च) शास्त्री जी ने देश को 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) लाल बहादुर की माता का क्या नाम था?

राजदुलारी देवी ☐ भुवनेश्वरी देवी ☐ रामदुलारी देवी ✓

(ख) देश में असहयोग आंदोलन किसने शुरू किया था?

महात्मा गाँधी ✓ जवाहरलाल नेहरू ☐ लाल बहादुर शास्त्री ☐

(ग) शास्त्री जी का निधन कब हुआ था?

1965 में ☐ 1966 में ✓ 1964 में ☐

(घ) शास्त्री जी का निधन कहाँ हुआ था?

पाकिस्तान ☐ ताशकंद ✓ गुजरात ☐

**4. रिक्त स्थान भरिए—**

(क) शास्त्री जी के पिता **शारदा प्रसाद** श्रीवास्तव थे।

(ख) शास्त्री जी की प्रारंभिक शिक्षा उनके **नाना** के घर पर हुई।

(ग) आजादी के आंदोलन में शास्त्री जी कई बार **जेल** गए।

(घ) सन् **1965** में पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया।

(ङ) भारत और पाकिस्तान के बीच **ताशकंद** में समझौता हुआ।

**5. सही के आगे ( 3 ) तथा गलत के आगे ( 7 ) का निशान लगाइए—**

(क) शास्त्री जी का जन्म एक अमीर कायस्थ परिवार में हुआ था। 7

(ख) उच्च शिक्षा के लिए शास्त्री जी बनारस गए। ✓

(ग) शास्त्री जी पढ़ाई छोड़कर आंदोलन में शामिल हो गए। ✓

(घ) शास्त्री जी उच्च जीवन सादा विचार वाले व्यक्ति थे। 7

(ङ) शास्त्री जी हमारे देश के द्वितीय प्रधानमंत्री बने। ✓



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए—**

(क) देश से प्रेम करने वाला। **देशप्रेमी**

(ख) जिसकी कभी मृत्यु न हो। **अमर**

(ग) किसी कार्य में सहयोग न करना। **असहयोगी**

(घ) शिक्षा देने का काम करने वाला। **शिक्षक**

2. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) एक | × | **अनेक** | (ख) रात | × | **दिन** |
| (ग) पुराना | × | **नया** | (घ) जय | × | **पराजय** |
| (ङ) सहयोग | × | **असहयोग** | (च) जीवन | × | **मृत्यु** |

3. **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**
   - (क) साधारण – **शास्त्री जी का जन्म साधारण परिवार में हुआ था।**
   - (ख) प्रतिष्ठा – **शास्त्री जी के परिवार की समाज में प्रतिष्ठा थी।**
   - (ग) भाषण – **शास्त्री जी को गाँधी जी का भाषण सुनने का अवसर मिला।**
   - (घ) आज़ादी – **आज़ादी के आंदोलन में शास्त्री जी कई बार जेल गए।**

### मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

### रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

### परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 7 चूहे की चतुराई

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**
   - (क) चूहा बिल्ली मौसी से परेशान था।
   - (ख) चूहा सीधा रसोईघर में भागता है।
   - (ग) भूरी बिल्ली परदे के पीछे बैठी हुई थी।
   - (घ) चूहे पर भूरी बिल्ली झपटती है।

2. **सोचकर लिखिए–**
   - (क) बिल्ली मौसी दिन-रात चूहे के बिल के समीप घूमती रहती थी। जिस कारण बिल्ली ने चूहे को परेशान कर रखा था।
   - (ख) भूरी बिल्ली का मन चूहे को खाने का था इसलिए भूरी बिल्ली उसे पकड़ने की ताक में छिपकर बैठी थी।

(ग) दोनों बिल्लियाँ चूहे को पहले खाने की बात पर लड़ रही थी। क्योंकि भूरी बिल्ली कह रही थी कि चूहा मेरे पंजे के नीचे है और काली बिल्ली कह रही थी चूहा मेरा है मैं इसे खाऊँगी।

(घ) चूहे ने बिल्ली मौसियों से कहा कि तुम क्यों झगड़ रही हो। मुझ छोटे-से चूहे को खाकर क्या दावत करोगी। रसोई में दूध-मलाई रखी है वही खा लो।

(ङ) चूहा बिल्ली मौसियों से कहता है कि आप झगड़ा मत करो। आप दोनों में से जो भी पहले सामने खड़े उस पेड़ को छूकर आयेगा वही मुझे खाएगा। दोनों बिल्ली पेड़ की तरफ भागती हैं और चूहा बिल की तरफ भागता है। इस प्रकार अंत में चूहे को फायदा मिलता है।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) चूहा कहाँ रहता था?

रसोईघर में ☐ बिल में ☑ पेड़ की जड़ में ☐

(ख) रसोईघर में क्या रखी थी?

दूध-मलाई ☑ मिठाई ☐ खाना ☐

(ग) काली बिल्ली किस पर गुर्रा रही थी?

चूहे पर ☐ भूरी बिल्ली पर ☑ किसी पर नहीं ☐

(घ) चूहे ने बिल्लियों से क्या छूकर आने को कहा?

दीवार ☐ पत्थर ☐ पेड़ ☑

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. एक से अनेक बनाइए—**

(क) लड़की – **लड़कियाँ** (ख) पंजा – **पंजे**

(ग) बिल्ली – **बिल्लियाँ** (घ) आँख – **आँखें**

(ङ) चूहा – **चूहे** (च) टाँग – **टाँगें**

**2. विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखिए—**

(क) भीतर × **बाहर** (ख) दिन × **रात**

(ग) ऊपर × **नीचे** (घ) आज × **कल**

(ङ) पीछे × **आगे** (च) खुश × **नाराज़**

**3. जंतुओं और उनकी आवाजों का सही मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) बिल्ली | (i) भौं-भौं |
| (ख) चूहा | (ii) म्याऊँ-म्याऊँ |
| (ग) कौआ | (iii) चूँ-चूँ |
| (घ) चिड़ियाँ | (iv) काँव-काँव |
| (ङ) कुत्ता | (v) चीं-चीं |

(क)–(ii), (ख)–(iii), (ग)–(iv), (घ)–(v), (ङ)–(i)

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 8 चींटियाँ और टिड्डा

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) टिड्डा आराम से लेटकर गाना गा रहा था।

(ख) चींटी खाने की सामग्री इकट्ठा करने में व्यस्त थी।

(ग) बरसात में चींटियाँ ज़मीन के अंदर चली गई थीं।

(घ) चींटियाँ बरसात के दिनों के लिए खाने की सामग्री इकट्ठा कर रही थीं।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) चींटियों को काम करते देख टिड्डे ने उनसे हँसकर कहा, अरे। लालची चींटियों क्यों इस गरमी में अपनी जान दे रही हो, तुम भी थोड़ा आराम कर लो।

(ख) चींटियों ने टिड्डे को यह जवाब दिया कि हम लोग तो बरसात के दिनों के लिए सामान इकट्ठा कर रही हैं, तुम्हें भी अपने भविष्य के लिए कुछ इकट्ठा कर लेना चाहिए।

(ग) टिड्डे द्वारा चींटियों से खाना माँगने पर चींटी ने टिड्डे से कहा कि गरमी के दिनों में तो तुम आराम कर रहे थे और गाना गाकर जिंदगी के मजे ले रहे थे, तुम जैसे आलसी को तो मैं एक दाना भी नहीं दे सकती।

(घ) टिड्डे को यह समझ में आ गया कि आज का संग्रह भविष्य में काम आता है।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) भयंकर क्या पड़ रही थी?

सरदी ☐ गरमी ✓ वर्षा ☐

(ख) टिड्डा हँसकर चींटियों से क्या बोला?

मेहनती चींटियों ☐ लालची चींटियों ✓ भोली चींटियों ☐

(ग) चींटी ने टिड्डे को क्या बताया?

फुर्तीला ☐ आलसी ✓ मेहनती ☐

(घ) चींटियों ने झट से क्या बंद कर लिया?

खिड़की ☐ दरवाज़ा ✓ इनमें से कोई नहीं ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) गरमी के मौसम में तेज **धूप** थी।

(ख) गरमी के बाद **बरसात** का मौसम आ गया।

(ग) टिड्डे के लिए **भोजन** जुटाना मुश्किल हो गया।

(घ) टिड्डे को **चींटियों** की याद आई।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**निम्नलिखित वाक्यों से प्रश्न बनाइए—**

1. दोपहर के समय सभी आराम कर रहे थे।
   **दोपहर के समय सभी क्या कर रहे थे?**
2. चींटियाँ खाने की सामग्री इकट्ठा कर रही थीं।
   **चींटियाँ क्या इकट्ठा कर रही थी।**
3. टिड्डा लेटकर गाना गा रहा था।
   **टिड्डा लेटकर क्या कर रहा था?**
4. आकाश में बादल घिर आए।
   **आकाश में क्या घिर आए?**
5. टिड्डे ने चींटियों का दरवाजा खटखटाया।
   **चींटियों का दरवाजा किसने खटखटाया?**
6. गरमी के दिनों में तो तुम आराम कर रहे थे।
   **टिड्डे द्वारा चींटियों से खाने के लिए माँगने पर चींटी ने क्या कहा?**

**1. निम्नलिखित जंतुओं और उनके घरों का मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) व्हेल | (i) अस्तबल |
| (ख) चींटी | (ii) गौशाला |
| (ग) शेर | (iii) बिल |
| (घ) गाय | (iv) गुफा |
| (ङ) घोड़ा | (v) समुद्र |

(क) व्हेल — (v) समुद्र; (ख) चींटी — (iii) बिल; (ग) शेर — (iv) गुफा; (घ) गाय — (ii) गौशाला; (ङ) घोड़ा — (i) अस्तबल

**2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) चींटियाँ | – | **चींटी** |
| (ख) मजा | – | **मजे** |
| (ग) गाने | – | **गाना** |
| (घ) खिड़की | – | **खिड़कियाँ** |
| (ङ) बातें | – | **बात** |
| (च) गरमी | – | **गरमियाँ** |

**3. निम्नलिखित में 'आलय' लगाकर शब्द बनाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | औषध | + | आलय | = | **औषधालय** |
| (ख) | विद्या | + | आलय | = | **विद्यालय** |
| (ग) | चिकित्सा | + | आलय | = | **चिकित्सालय** |
| (घ) | भोजन | + | आलय | = | **भोजनालय** |
| (ङ) | पुस्तक | + | आलय | = | **पुस्तकालय** |

### मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

### रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

### परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

## 9 माँ

### अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) माँ की ममता न्यारी होती है।

(ख) माँ सुबह सबसे पहले जागती है।

(ग) माँ कुदरत का उपहार है।

(घ) माँ गंगा की धारा है।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) माँ सुबह जागकर सबसे पहले भगवान की पूजा करती है, फिर रसोई में जाती है तथा धीरे से आकर दीदी को उठाती है और मुझे झूठ-मूठ डाँट लगाती है।

(ख) कविता में माँ को गंगा की धारा के समान बताया गया है।

(ग) माँ ही मेरी फुलवारी है।

(घ) इस पाठ से हमें यह सीखने को मिलता है कि हमें सदैव अपनी माता की आज्ञा का पालन करना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। क्योंकि माँ कुदरत का दिया हुआ अनमोल उपहार है और माँ की ममता सबसे न्यारी होती है।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) माँ की ममता कैसी है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्यारी | ☐ | न्यारी | ☑ | क्यारी | ☐ |

(ख) माँ धीमे से आकर क्या जताती है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रोध | ☐ | प्यार | ☑ | उपकार | ☐ |

(ग) माँ किसकी धारा है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गंगा की | ☑ | जमुना की | ☐ | सरस्वती की | ☐ |

**4. आशय स्पष्ट कीजिए—**

(क) दी गई पंक्ति से आशय है कि माँ का मन गंगा की जलधारा की तरह पवित्र तथा निर्मल होता है। इसलिए वह अपने बच्चों से कभी नाराज नहीं होती।

(ख) दी गई पंक्ति से आशय है कि माँ सदैव अपने बच्चों का ख्याल रखती है उनसे प्रेम करती है और कभी नाराज़ भी नहीं होती। इसलिए माँ बच्चों की फुलवारी होती है।

**5. कविता की पंक्तियों को पूरी कीजिए—**

जब हम उसकी **बात मानते**,
**माँ जाती** वारी-वारी है।
कुदरत का **उपहार है वह**,
**माँ के कदमों** में दुनिया सारी है।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया लगाकर वाक्य पूरे कीजिए—**

(क) माँ सुबह हमें **जगाती** है।

(ख) माँ पूजा करने **जा रही** है।

(ग) मुझे झूठ-मूठ की डाँट **लगा रही** है।

(घ) दीदी को प्यार से **जगा रही** है।

**2. निम्नलिखित शब्दों में 'ता' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | महान् | + | ता | = | **महानता** |
| (ख) | मित्र | + | ता | = | **मित्रता** |
| (ग) | सफल | + | ता | = | **सफलता** |
| (घ) | सरल | + | ता | = | **सरलता** |
| (ङ) | शत्रु | + | ता | = | **शत्रुता** |
| (च) | दुर्बल | + | ता | = | **दुर्बलता** |

3. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | माता | × | **पिता** | (ख) | बुआ | × | **फूफा** |
| (ग) | दादा | × | **दादी** | (घ) | मौसा | × | **मौसी** |
| (ङ) | नाना | × | **नानी** | (च) | जीजा | × | **दीदी** |

4. **निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | खुशी | – | **खुशियाँ** | (ख) | फुलवारी | – | **फुलवारियाँ** |
| (ग) | धारा | – | **धाराएँ** | (घ) | तैयारी | – | **तैयारियाँ** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 10 लालच बुरी बला

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**
   - (क) शेर की नजर सोने के कंगन पर पड़ी
   - (ख) शेर नदी किनारे टहल रहा था।
   - (ग) शेर बूढ़ा हो गया था। इसलिए वह शिकार करने में असमर्थ हो गया था।
   - (घ) शेर ने स्नान के बाद अपने माथे पर तिलक लगाया और सोने का कंगन लेकर तालाब के किनारे बैठ गया।
2. **सोचकर लिखिए—**
   - (क) शेर ज़ोर-ज़ोर से यात्रियों से कह रहा था कि मेरे पास आओ, मैं तुम्हें सोने का कंगन देना चाहता हूँ।
   - (ख) शेर ने ब्राह्मण से कहा कि ''अरे महात्मा! यहाँ आओ मैं तुम्हें एक सोने का कंगन दूँगा। ये कंगन तुम अपनी पत्नी या बेटे को दे सकते हो या इसे बेचकर पैसा कमा सकते हो।''
   - (ग) शेर ने ब्राह्मण को यह कहकर विश्वास दिलाया कि मैं तो बूढ़ा हो गया हूँ। मेरे दाँत गिर गए हैं। मेरे जबड़े कमजोर हो गए हैं और अब तो मैंने माँस खाना भी छोड़ दिया है।
   - (घ) शेर की बात सुनकर ब्राह्मण बोला— तुम तो माँसाहारी हो मैं कैसे विश्वास करूँ कि पास आने पर तुम मुझे मारकर नही खाओगे।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

(क) कंगन किस धातु का था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोना | ☑ | चाँदी | ☐ | पीतल | ☐ |

(ख) ब्राह्मण कैसा आदमी था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लालची | ☑ | गरीब | ☐ | अमीर | ☐ |

(ग) ब्राह्मण कहाँ फँस गया?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तालाब में | ☐ | दलदल में | ☑ | कीचड़ में | ☐ |

(घ) शेर के जबड़े कैसे हो गए थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मजबूत | ☐ | कमजोर | ☑ | कैसे भी नहीं | ☐ |

**4. रिक्त स्थान भरिए–**

(क) एक जंगल में एक **शेर** रहता था।

(ख) शेर अब **बूढ़ा** हो गया था।

(ग) एक दिन एक **ब्राह्मण** वहाँ से गुजरा।

(घ) शेर के पास सोने का **कंगन** देखकर ब्राह्मण रुक गया।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. सही मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| (क) जहाँ पढ़ने जाते हैं | (i) डॉक्टर |
| (ख) जो पढ़ाती है | (ii) ड्राइवर |
| (ग) जो इलाज करता है | (iii) बाज़ार |
| (घ) जहाँ खरीददारी करते हैं | (iv) विद्यालय |
| (ङ) जो गाड़ी चलाता है | (v) मकड़ी |
| (च) जो जाल बनाकर रहती है | (vi) अध्यापिका |

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) पाप | × | **पुण्य** | (ख) समर्थ | × | **असमर्थ** |
| (ग) मांसाहारी | × | **शाकाहारी** | (घ) गरीब | × | **अमीर** |
| (ङ) बूढ़ा | × | **जवान** | (च) विश्वास | × | **अविश्वास** |

**3. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार ( ं ) लगाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) कगन | – | **कंगन** | (ख) परतु | – | **परंतु** |
| (ग) मास | – | **मांस** | (घ) जगल | – | **जंगल** |

**4. पाठ में आए निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) विश्वास – **मैं तुम्हारा विश्वास कैसे करूँ?**

(ख) दान – **मैं तुम्हें सोने का कंगन दान करना चाहता हूँ।**

(ग) इरादा – **मेरे पास पहुँचने पर अपना इरादा मत बदल देना।**

(घ) दलदल – **ज्यों ही वह आगे बढ़ा त्यों ही गहरे दलदल में फँस गया।**

(ङ) पाप – **अब मैं पाप का प्रायश्चित करना चाहता हूँ।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 11 पौधे की आत्मकथा

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) बीज वृक्ष का रूप ले लेता है।

(ख) परिवार के मुखिया ने।

(ग) आम का पेड़।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) आम का पौधा अहाते में उग आया था।

(ख) आम की गुठली में अँखुवा निकल आया था1

(ग) आम के फल से अचार तथा चटनी बनाई जाती है।

(घ) पौधों का विकास वायु, पानी, नमी तथा सूर्य का प्रकाश मिलने से होता है।

(ङ) पौधों से हमें फल, लकड़ी, ऑक्सीजन प्राप्त होती है।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए–**

(क) एक दिन परिवार का मुखिया क्या खरीदकर लाया?

अंगूर ☐ सेब ☐ आम ☑

(ख) मिट्टी में कौन दब गया था?

बीज ☑ फूल ☐ टहनियाँ ☐

(ग) ऑक्सीजन कौन देता है?

फल ☐ पेड़ ☑ मानव ☐

**4. रिक्त स्थान भरिए–**

(क) एक दिन परिवार के मुखिया ने **आम** खरीदे।

(ख) बस **प्रकृति** की देखभाल प्रारंभ हो गई।

(ग) सभी ने मेरे **फलों** को चाव से खाया।

(घ) मैं मनुष्य के लिए बड़ा **उपयोगी** हूँ।

(ङ) मैं **पर्यावरण** शुद्ध करता हूँ।

**5. सही के आगे ( 3 ) तथा गलत के आगे ( 7 ) का निशान लगाइए–**

(क) आम के अंदर से बीज नहीं निकलता है। ✗

(ख) कच्चे आम को अमिया कहते हैं। ✓

(ग) सभी पौधे वायु, ऊष्मा, पानी, नमी पाकर बढ़ते हैं। ✓

(घ) पेड़–पौधे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं। ✓

(ङ) हरे–भरे पेड़ों को ही काटना चाहिए। ✗



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) वृक्ष | – | **तरु** | **पेड़** | (ख) धरती | – | **भूमि** | **धरा** |
| (ग) मैया | – | **जननी** | **माता** | (घ) सूर्य | – | **सूरज** | **भास्कर** |
| (ङ) वायु | – | **हवा** | **पवन** | (च) पानी | – | **जल** | **नीर** |

**2. एक से अनेक बनाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) गुठली | – | **गुठलियाँ** | (ख) टहनी | – | **टहनियाँ** |
| (ग) पत्ती | – | **पत्तियाँ** | (घ) लकड़ी | – | **लकड़ियाँ** |
| (ङ) पौधा | – | **पौधे** | (च) डंडा | – | **डंडे** |

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) आगे | × | **पीछे** | (ख) जीवन | × | **मृत्यु** |
| (ग) प्रकाश | × | **अंधकार** | (घ) धरती | × | **आकाश** |
| (ङ) कोमल | × | **कठोर** | (च) दिन | × | **रात** |

**4. शुद्ध वर्तनी रूप के सामने ( 3 ) का निशान लगाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) शवाद | ☐ | सुवाद | ☐ | स्वाद | ✓ |
| (ख) प्रकृति | ✓ | प्रक्रति | ☐ | पृक्रति | ☐ |
| (ग) ऊषमा | ☐ | ऊष्मा | ✓ | ऊशमा | ☐ |
| (घ) शुरू | ✓ | शूरू | ☐ | शुरु | ☐ |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 12 राष्ट्रीय पक्षी-मोर

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

   (क) लगभग समस्त प्रदेशों में मोर पाए जाते हैं।

   (ख) मोरों की प्रिय ऋतु वर्षा है।

   (ग) बादल छाने पर मोर अपने पंखों को पूरा फैलाकर नाचने लगते हैं।

   (घ) मोर को असहनीय पीड़ा तब होती है जब उसके सिर पर कलंगी निकलती है।

2. **सोचकर लिखिए—**

   (क) जब मोर गरदन तान कर चलता है तब वह वास्तव में पक्षियों का राजा लगता है। शरीर भारी होने के कारण यह ज्यादा ऊँचा नहीं उड़ पाता।

   (ख) मोर की शत्रुता साँप से है। मोर अपनी तीखी चोंच से अपने शत्रु के टुकड़े-टुकड़े करके उसे मार देता है।

   (ग) मोर मोरनी से सुंदर होता है और इसके रंग-बिरंगे पंख अत्यंत आकर्षक होते हैं। जबकि मोरनी का रंग भूरा होता है और पूँछ भी छोटी होती है।

   (घ) हाँ, मोर को मारना कानूनी अपराध है क्योंकि यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

3. **सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

   (क) मोर को कहाँ रहना पसंद है?

   जंगलों में ☐ बगीचों में ☐ दोनों में ☑

   (ख) मोर की पूँछ में लगभग कितने पंख होते हैं?

   पचास ☐ सौ ☐ एक सौ पचास ☑

(ग) मोर की चोंच कैसी होती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुड़ी हुई | ☐ | सख्त | ☐ | दोनों | ☑ |

(घ) मोर की गरदन का रंग कैसा होता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गहरा काला | ☐ | गहरा नीला | ☑ | गहरा हरा | ☐ |

(ङ) मोर का भोजन क्या है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बीज और बेर | ☐ | कीड़े-मकोड़े | ☐ | दोनों | ☑ |

**4. रिक्त स्थान भरिए—**

(क) मोर को **जंगलों** और **बगीचों** में रहना पसंद है।

(ख) मोर की प्रिय ऋतु **वर्षा** है।

(ग) मोर की पूँछ लगभग **एक मीटर** मीटर लंबी होती है।

(घ) मोर के सिर पर मुकुट जैसी **कलंगी** होती है।

(ङ) मोर को मारना **कानूनी** अपराध है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

शाला का अर्थ होता है स्थान या घर; जैसे– 'पाठशाला' का अर्थ है पढ़ने का स्थान।

**नीचे दिए गए शब्दों में 'शाला' जोड़कर नया शब्द बनाइए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| धर्म | + | **शाला** | = | **धर्मशाला** |
| गौ | + | **शाला** | = | **गौशाला** |
| प्रयोग | + | **शाला** | = | **प्रयोगशाला** |

**1. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए—**


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) टुकड़ा | – | **टुकड़े** | (ख) ऋतु | – | **ऋतुएँ** |
| (ग) वस्तु | – | **वस्तुएँ** | (घ) कीड़े | – | **कीड़ा** |
| (ङ) चोंचे | – | **चोंच** | (च) मोरनियाँ | – | **मोरनी** |

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) सुंदर | × | **बदसूरत** | (ख) राजा | × | **रंक** |
| (ग) आकर्षक | × | **विकर्षक** | (घ) ज्यादा | × | **कम** |
| (ङ) लंबा | × | **छोटा** | (च) शत्रु | × | **मित्र** |

**3. मोर के लिए निम्नलिखित शब्दों का मेल कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) शत्रु | (i) बीज, बेर |
| (ख) भोजन | (ii) भारी |
| (ग) शरीर | (iii) रंग-बिरंगे |
| (घ) पंख | (iv) लंबी |
| (ङ) गरदन | (v) साँप |



## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 13 अमरूद

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

(क) अमरूद गोल-गोल आकार के होते हैं।

(ख) हरे अमरूद कड़े होते हैं।

(ग) अमरूद अंदर से सफेद रंग के होते हैं।

2. **सोचकर लिखिए—**

(क) कवि ने अमरूद की तुलना चमचम तथा रसगुल्ले से की है।

(ख) इलाहाबाद (प्रयागराज) के अमरूद प्रसिद्ध हैं।

(ग) चंदन, क्रीम, गुलाब जल, पाउडर, धूपबत्ती।

3. **सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) पीला अमरूद कैसा होता है?

कड़ा ☐ नरम ☑ दोनों ☐

(ख) अमरूद की तुलना किस मिठाई से की गई है?

रसगुल्ला ☐ चमचम ☐ दोनों से ☑

(ग) कवि अमरूद से क्या पीने की बात कह रहा है?

चाय ☐ दूध ☑ पानी ☐

(घ) अमरूद से कवि क्या लगाकर आने की बात कर रहा है?

इत्र ☑ चंदन ☐ क्रीम ☐

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि अमरूद अपने मीठेपन तथा अपने गोल आकार पर इतराता रहता है परंतु फिर भी न जाने क्यूँ वह अनार से डरा हुआ रहता है।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति में कवि कहता है कि अमरूद मियाँ जब आप हरे रहते हो तो आप खाने में कड़े लगते हो परंतु जब आप पीले हो जाते हो अंदर से मुलायम और रसगुल्ले की तरह मीठे हो जाते हो।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

(क) **अमरूद मियाँ**, अमरूद मियाँ!
मैं जहाँ कहीं **भी जाता हूँ**
**तुम रहते हो** मौजूद, वहाँ।
अमरूद मियाँ, **अमरूद मियाँ**।

(ख) तुम आम नहीं, **पर खास बहुत**,
**कुछ बात निराली** है जरूर
**क्या इत्र लगा** कर आते हो
खुशबू फैला देते, **हुजुर**।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. 'कर' जोड़कर नए शब्द बनाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) देख | + | **कर** | = | **देखकर** |
| (ख) सो | + | **कर** | = | **सोकर** |
| (ग) खेल | + | **कर** | = | **खेलकर** |
| (घ) पहन | + | **कर** | = | **पहनकर** |
| (ङ) लौट | + | **कर** | = | **लौटकर** |
| (च) जा | + | **कर** | = | **जाकर** |
| (छ) नहा | + | **कर** | = | **नहाकर** |
| (ज) छिपा | + | **कर** | = | **छिपाकर** |
| (झ) हँस | + | **कर** | = | **हँसकर** |
| (ञ) चढ़ा | + | **कर** | = | **चढ़ाकर** |

**2. निम्नलिखित शब्दों से मिलते-जुलते दो-दो शब्द बनाइए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) कड़ा | – | **घड़ा** | **बड़ा** | (ख) अनार | – | **मीनार** | **सुनार** |
| (ग) नरम | – | **गरम** | **धरम** | (घ) यहाँ | – | **वहाँ** | **जहाँ** |
| (ङ) गोल | – | **बोल** | **घोल** | (च) इधर | – | **उधर** | **अधर** |

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) बदबू | × | **खुशबू** | (ख) भीतर | × | **बाहर** |
| (ग) खट्टा | × | **मीठा** | (घ) इधर | × | **उधर** |
| (ङ) सफ़ेद | × | **काला** | (च) नरम | × | **गरम** |

4. **कविता में समान तुक वाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए—**

(क) जहाँ – **वहाँ** (ख) भरे – **डरे**

(ग) कड़े – **बड़े** (घ) जरूर – **हुजुर**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 14 दोस्ती

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

(क) जब गौरैया दाना चुन रही थी। तभी भेड़िए ने उसे दबोच लिया।

(ख) गौरैया ने भेड़िए से कहा, मुझे छोड़ दो। मुझे छोड़ दो।

(ग) भालू बड़ा ही दयालु था। गौरैया को भेड़िए के पंजे में दबा हुआ देखकर उसे गौरैया पर दया आ गई और उसने भेड़िए को डाँट लगायी।

2. **सोचकर लिखिए—**

(क) भेड़िए का दोस्त भालू था और वह बड़ा दयालु था।

(ख) भेड़िए के पंजे में काँटे चुभ गए थे और खून बहने लगा था। जिस कारण उसे बहुत दर्द हो रहा था।

(ग) गौरैया ने अपनी चोंच से भेड़िए के पंजे से काँटे निकालकर उसका दर्द दूर किया।

3. **सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) कालू किसका नाम था?

भालू का ☐ भेड़िए का ☑ गौरैया का ☐

(ख) झाड़ी पर क्या चिपका हुआ था?

रूई का गुच्छा ☑ ऊन का गुच्छा ☐ कपड़ा ☐

(ग) कालू के पंजे में क्या चुभ गए थे?

कील ☐ सुई ☐ काँटे ☑

(घ) नन्हीं ने कालू के पंजे से काँटे किससे निकाले?

चिमटी से ☐ कैंची से ☐ चोंच से ☑

**4. किसने कहा? किससे कहा?**

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) ''मुझे छोड़ दो! मुझे छोड़ दो!'' | **गोरैया** ने | **भेड़िए** से |
| (ख) ''नहीं, मैं तुम्हें कच्चा चबा जाऊँगा।'' | **भेड़िए** ने | **गोरैया** से |
| (ग) ''तुम यहीं बैठे रहो। मैं अभी आता हूँ।'' | **भालू** ने | **भेड़िए** से |
| (घ) ''कालू अपना पंजा आगे करो।'' | **गोरैया** ने | **भेड़िए** से |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

'ड़' और 'ढ़' का उच्चारण और प्रयोग अलग-अलग होते हैं।

**नीचे दिए वाक्यों में सही शब्द चुनकर खाली स्थानों में लिखिए–**

(क) उसने (झाड़ी/झाढ़ी) **झाड़ी** की ओर देखा।

(ख) वह (पेड़/पेढ़) **पेड़** से गिर (पढ़ा/पड़ा) **पड़ा**।

(ग) माँ कपड़े पर (कड़ाई/कढ़ाई) **कढ़ाई** कर रही है।

(घ) उसके हाथ में एक सुंदर (कड़ा/कढ़ा) **कड़ा** है।

(ङ) वह रोजाना एक घंटे (पढ़ती/पड़ती) **पढ़ती** है।

**1. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) दयालु × **निर्दयी** (ख) भरा × **खाली**

(ग) कच्चा × **पक्का** (घ) बैठना × **उठना**

(ङ) छोड़ना × **पकड़ना** (च) अच्छा × **बुरा**

**2. नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए–**

(क) घोड़ा – **घोड़ी** (ख) मोरनी – **मोर**

(ग) कुत्ता – **कुतिया** (घ) मुरगी – **मुरगा**

(ङ) गधा – **गधी** (च) शेरनी – **शेर**

**3. नीचे दिए गए संयुक्ताक्षरों/द्‌वित्व व्यंजनों से दो-दो शब्द लिखिए–**

(क) च्छ – **गुच्छा** **बिच्छू**

(ख) च्च – **कच्चा** **बच्चा**

(ग) क्क – **हक्का** **बक्का**

(घ) त्त – **उत्तम** **उत्तर**

(ङ) म्म – **चम्मच** **अम्मा**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 15 वारली चित्रकला

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) बच्चे सैर के लिए तहसील डहाणु जिला ठाणे जा रहे थे।

(ख) आदिवासी लोग तहसील डहाणु में बसे हैं।

(ग) दीवारों को गोबर से लीपा जाता है और बाद में लाल मिट्‌टी पोती जाती है।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) वारली आदिवासी जनजाति में पाई जाने वाली चित्रकला का नाम वारली चित्रकला है।

(ख) बच्चे सैर के लिए जाने वाले थे इसलिए बच्चों के चेहरे पर खुशी थी।

(ग) अध्यापिका ने ब्लैक बोर्ड पर एक सादा और सुंदर चित्र बनाकर वारली चित्रकला की जानकारी दी।

(घ) वारली चित्रकला में केवल दो रंगों की प्रयोग किया जाता है। दीवारों को गोबर से लीपकर उसके बाद लाल मिट्‌टी से पोता जाता है और चावल के आटे के घोल में तीली डुबोकर उससे ये चित्र बनाए जाते हैं।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) प्रार्थना के बाद कौन-सी कक्षा में शोर सुनाई दिया?

कक्षा दो ☑ कक्षा तीन ☐ कक्षा चार ☐

(ख) अध्यापिका ने बच्चों से किसकी कॉपी निकालने को कहा?

गणित ☐ हिंदी ☐ चित्रकला ☑

(ग) वारली लोकचित्र कैसे होते हैं?

सादे ☐ सरल ☐ दोनों ☑

(घ) इन चित्रों में कितने रंगों का उपयोग किया जाता है?

दो ☑ तीन ☐ चार ☐

**4. रिक्त स्थान भरिए—**

(क) अध्यापिका को देखते ही बच्चे **शांत** हो गए।

(ख) बच्चों की खुशी की वजह **अध्यापिका** जानती थी।

(ग) उस दिन बच्चों का मन **पढ़ाई** में नहीं लग रहा था।

(घ) आदिवासी लोग काफी **पिछड़े** हुए हैं।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिए गए शब्दों के बहुवचन बनाइए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) बच्चा | – **बच्चे** | (ख) कक्षा | – **कक्षाएँ** |
| (ग) चेहरा | – **चेहरे** | (घ) नक्शा | – **नक्शे** |
| (ङ) कॉपी | – **कॉपियाँ** | (च) कैमरा | – **कैमरे** |

**2. सही जगह पर अनुस्वार ( ं ) लगाइए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) सुदर | – **सुंदर** | (ख) शात | – **शांत** |
| (ग) अदर | – **अंदर** | (घ) रग | – **रंग** |
| (ङ) बदर | – **बंदर** | (च) मुबई | – **मुंबई** |

**3. सही जगह पर चँद्र बिंदु ( ँ ) लगाइए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) गतिविधिया | – **गतिविधियाँ** | (ख) कॉपिया | – **कॉपियाँ** |
| (ग) हसी | – **हँसी** | (घ) जहा | – **जहाँ** |
| (ङ) जाउगा | – **जाउँगा** | (च) करूगी | – **करूँगी** |

**4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) अध्यापिका | – **स्त्रीलिंग** | (ख) कक्षा | – **स्त्रीलिंग** |
| (ग) समीर | – **पुल्लिंग** | (घ) रंग | – **पुल्लिंग** |
| (ङ) गरिमा | – **स्त्रीलिंग** | (च) कैमरा | – **पुल्लिंग** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 16 स्वच्छता

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) सोनू को दाँत दर्द हो रहा था।

(ख) सोनू के दाँत में कीड़ा लग रहा था।

(ग) मंजन करने से दाँतों का मैल दूर हो जाता है।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) सोनू के दाँत में बहुत दर्द हो रहा था। इसलिए वह स्कूल से लौटते समय रो रहा था।

(ख) माँ ने सोनू के गंदे दाँत देखकर कहा कि, अरे! तुम्हारे दाँत तो बहुत गंदे हो रहे हैं। ठीक से मंजन किया करो।

(ग) चॉकलेट, टॉफी अधिक खाने से और ठीक से मंजन न करने से दाँत में कीड़े लग जाते हैं।

(घ) दाँतों को साफ करने के लिए प्रतिदिन सोकर उठने के बाद तथा रात में सोने से पहले मंजन करना चाहिए।

(ङ) सोनू ने डॉक्टर अंकल से कहा कि अब मैं इन सभी बातों का हमेशा ध्यान रखूँगा।

**3. सही विकल्प पर ( 3 ) का निशान लगाइए—**

(क) सोनू किसे देखते ही रो पड़ा?

पिताजी को ☐ माँ को ☑ चाचाजी को ☐

(ख) सोनू के दर्द कहाँ है?

दाँत में ☑ आँख में ☐ नाक में ☐

(ग) माँ सोनू को किसके पास लेकर जाती है?

मिस्त्री के ☐ अध्यापक के ☐ डॉक्टर के ☑

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) अधिक चॉकलेट, टॉफी खाने से **दाँत** सड़ जाते हैं।

(ख) सोकर उठने के बाद व रात में सोने से पहले **मंजन** करना चाहिए।

(ग) हमें **प्रतिदिन** नहाना चाहिए।

(घ) **स्वस्थ** रहने के लिए स्वच्छता आवश्यक है।

**5. किसने कहा? किससे कहा?**

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) "माँ! दाँत में बहुत दर्द हो रहा है।" | **सोनू** ने | **माँ** से |

(ख) "सोनू! शायद तुम दाँतों की सफाई ठीक से नहीं करते।" **डॉक्टर** ने **सोनू** से

(ग) "अरे! तुम्हारे दाँत तो बहुत गंदे हो रहे हैं।" **माँ** ने **सोनू** से

(घ) "ठीक है डॉक्टर अंकल! मैं इन बातों का हमेशा ध्यान रखूँगा।" **सोनू** ने **डॉक्टर** से

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

(क) **हर्ष** अच्छा लड़का है।

(ख) यह **स्वास्थ्य केंद्र** है।

(ग) **स्टूल** यहाँ ले आओ।

(घ) हमें **गरमी** लग रही है।

(ङ) **गाँव** को साफ रखना चाहिए।

**2. ज / ज़ तथा फ / फ़ का प्रयोग करके दो-दो शब्द लिखिए–**

(क) ज – **जग** **जल** ज़ – **ज़रा** **ज़मींदार**

(ख) फ – **फल** **फन** फ़ – **फ़नकार** **सफ़ाई**

**3. दिए गए शब्दों के बहुवचन शब्द लिखिए–**

(क) कीड़ा – **कीड़े** (ख) कपड़ा – **कपड़े**

(ग) बीमारी – **बीमारियाँ** (घ) मक्खी – **मक्खियाँ**

(ङ) चूहा – **चूहे** (च) बात – **बातें**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।